हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 14 जून 2025

तापमान
अधिकतम 44 .5 डिग्री
न्यूनतम 26 .5 डिग्री

9 तकनीकी कार्य के कारण जुलाई में दो दिन 2 ट्रेनें रद, 4 आंशिक रद व सात का रहेगा मार्ग परिवर्तित



10 ससुर की जिंदगी पिता की जान से कीमत, इलाज के पैसे नहीं देने पर जान का सौदा



### जेएलएन नहर का 17 मई को हुआ था पानी बंद, दो दिन छोड़कर राशनिंग करके दिया जा रहा पानी

# शेड्यूल से तीन दिन लेट 27वें दिन पहुंची नहर, शहरवासियों को गर्मी में पानी की किल्लत से राहत की उम्मीद

■ अब 28 जून तक नहर चलने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दस जून को खूबड़ हेड से पानी छोड़ने के बाद वीरवार रात को जिले में नहर पहुंच गई है। शेड्यल से तीन दिन लेट 27 दिन में जेएलएन नहर के पहुंचने पर शहरवासियों को गर्मी में पानी की किल्लत से राहत मिलने वाली है। नहर आने के बाद जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से वाटर टैंकों में पानी स्टोरेज का कार्य शुरू कर दिया गया है। नहरी पानी कम आने के कारण जिले में अप्रैल माह से ही पानी की किल्लत बनी हुई है। शहरवासियों को लंबे समय से राशनिंग करके पानी दिया जा रहा था। शहर में कालाका वाटर वर्क्स व लिसाना वाटर वर्क्स से पानी की सप्लाई की जाती है। 17 मई को नहर में पानी आना बंद हो गया था, जिसक बाद से लिसाना वाटर वर्क्स से संबंधित उपभोक्ताओं को एक दिन छोड़कर एक दिन व कालाका वाटर वर्क्स के उपभोक्ताओं को दो दिन छोड़कर एक दिन पानी की सप्लाई दी जा रही थी। भीषण गर्मी के मौसम में हर बार जेएलएएन नहर में पानी आने का शेड्यूल गड़बड़ाने से लोगों के लिए पानी की किल्लत की परेशानी खड़ी हो जाती है। आबादी बढ़ने पर पिछले एक दशक से शहरवासियों के लिए पीने के पानी का संकट बना हुआ है। वर्तमान में शहरवासियों को पानी की पूर्ति करने के लिए टैंकर व कैंपर खरीदकर अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ा था। जनस्वास्थ्य विभाग को नए वाटर वर्क्स के लिए लंबे समय से जमीन तलाशने में लगा हुआ है, लेकिन अभी तक विभाग को सफलता नहीं मिल पाई है। सर्दी हो या गर्मी शहर में पानी की किल्लत बनी रहती है। जेएलएन नहर में पानी बंद आना बंद होने के दो दिन बाद से ही विभाग की ओर से शहर में पानी सप्लाई में कटौती शुरू कर दी जाती है। गत माह 17 मई को नहर में पानी आना बंद हो गया था। इसके बाद जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से शहरवासियों को राशनिंग करके पानी दिया जा रहा है। नहर के नहीं आने से वाटर टैंकों में पानी लगभग खत्म हो चुका था।





रेवाड़ी। दिल्ली रोड पर जेएलएन नहर में आया पानी, दिल्ली रोड स्थित स्टेशन से कालाका वाटर वर्क्स में जाता नहरी पानी। फोटो :हरिभूमि

**वाटर टैंकों को भरने का कार्य शुरू**

वीरवार रात को जेएलएन नहर में पानी आ चुका है। पानी पहुंचने पर वाटर टैंकों को भरने का कार्य शुरू हो गया है। दो दिन में शहरवासियों को नियमित पानी की आपूर्ति की जाएगी। अब नहर में 28 मई तक पानी चलेगा, जिससे गर्मी में पानी की किल्लत से राहत मिलेगी। शहरवासी गर्मी के मौसम में जरूरत के अनुसार ही पानी इस्तेमाल करें।
-सुनील कुमार जेई, जनस्वास्थ्य विभाग।

**नए वाटर वर्क्स के लिए नहीं मिल रही जमीन**

जनस्वास्थ्य विभाग के पानी स्टोर करने के लिए टैंकों की भारी कमी है। कालाका वाटर वर्क्स में पांच और लिसाना में तीन वाटर टैंक हैं। दोनों वाटर वर्क्स प्लांटों की क्षमता को देखते हुए शहर में पानी की डिमांड पूरी करना आसान नहीं है। इसके लिए कम से कम चार वाटर टैंकों के साथ नए वाटर वर्क्स की आवश्यकता है। वाटर वर्क्स का निर्माण करने के लिए विभाग को कम से कम पांच एकड़ जमीन की जरूरत है। कालाका वाटा वर्क्स के पांच टैंकों की क्षमता 950 गैलन पानी स्टोरज की है, जबकि लिसाना के दो वाटा टैंकों की क्षकता 340 गैलन व एक नए वाटर टैंक की पानी स्टोरेज क्षमता 32 करोड़ 640 लाख लीटर है। नहरी पानी का शेड्यूल पहले 16-16 दिन का था। यानी 16 दिन नहर में पानी आता था और 16 दिन नहर बंद रहती थी। अब शेड्यूल 16-24 का है। अब 16 दिन नहर में पानी आता है और 24 दिन बंद रहता है।

## युवक की जहर देकर हत्या करने का आरोप

■ परिजनों ने महिला सहित तीन के खिलाफ दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

भटसाना में महिला की हत्या के फरार आरोपी युवक की जहर खाने ने बाद रोहतक पीजीआई ले जाते समय मौत हो गई थी। युवक की मौत के बाद अब पिता ने गांव भटसाना की महिला सहित तीन लोगों पर जहर देकर उसके बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भटसाना निवासी रतन सिंह ने पुलिस को बताया कि जितेन्द्र उर्फ बुगली ने मरने से पहले 11 जून को दिनेश, प्रवीन व मुस्कान के खिलाफ उसके पास एक वीडियो भेजा, जिसमें उसके बेटे ले कहा कि तीनों ने मिलकर उसे जहरीला पदार्थ खिलाया है। वीडियो मिलने के बाद जब परिजन उसे ढूंढने के लिए पहुंचे तो जितेन्द्र अचेत अवस्था में मिला और सूचना पर प्रशासन भी पहुंच गया और जितेन्द्र को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे रोहतक रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में झज्जर के पास एंबुलेंस खराब हो गई, जब उसे झज्जर अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरो से उसे मृत घोषित कर दिया। बीते 9 जून को धारूहेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की पड़ोस में रहने वाले जितेंद्र ने चटनी बनाने वाले पत्थर से सिर फोड़कर हत्या कर दी थी। महिला के पति ने पुलिस बयान में बताया था कि जितेंद्र उसकी पत्नी पर लगातार गलत नजरें रखता था। वह उसकी पत्नी का पीछा करता था। उसे एक बार समझाया भी था, परंतु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। 9 जून को वह उसकी पत्नी का पीछा करते हुए घर तक पहुंच गया। उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर जितेंद्र ने महिला के सिर पर पत्थर से वार दिया।

अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी जितेंद्र फरार होने में कामयाब हो गया था। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करने के बाद जितेंद्र की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को उसकी जहर खाने से मौत हो गई थी। अब जितेन्द्र के परिजनों ने उसे जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

## इंवेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी काबू

■ पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला आगरा के पिनाहाट निवासी ऋषी कुमार के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 14 जनवरी को गांव बटोड़ी निवासी अजीत कुमार ने दी शिकायत में बताया था कि गत वर्ष दिसंबर माह में उसके मोबाइल फोन पर लॉरयल कंपनी के एप का एक लिंक आया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद एप इंस्टाल हो गया। उसे एक व्हाट्सगुरप से जोड़ा गया, जएप के जरिए पैसा इन्वेस्ट करने पर अच्छा रिटर्न मिलने की बात कही गई। उसने झांसे में आकर गत वर्ष 27 दिसंबर से 6 जनवरी तक आरोपियों के अलग-अलग खातों में कुल 7 लाख 59 हजार 654 रुपये जमा करा दिए। उसने यह राशि अपने व अपने पिता के बैंक खातों के साथ-साथ परिवार के पांच अन्य सदस्यों के खाते से ट्रांसफर कराई थी। उसने राशि निकालने का प्रयास किया, तो उसे रकम वापस नहीं मिली। उसे साइबर ठगी का पता चला। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी पंजाब के जिला लुधियाना के हैबोवाल के मोहल्ला रंजोत पार्क निवासी पवन खुल्लर व जिला लुधियाना के बस्ती जोधेवाल की शिमला कॉलोनी निवासी रोहित कालिया को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के बाद इस बात का खुलासा हुआ कि आरोपी पवन खुल्लर ने अपनी पत्नी के नाम पर बैंक खाता खुलवाया था। बैंक खाता उसने रोहित कालिया के जरिए कमिशन बेस पर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी यूपी के जिला आगरा के पिनाहाट निवासी ऋषी कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ऋषी कुमार के खाते में 16 हजार 999 रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत, साथी गंभीर रूप से घायल

■ कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पाल्हवास फ्लाईओवर पर कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

गुरावड़ा निवासी मोहनपाल उसी के गांव के रहने वाले फकीरचंद को बाइक पर लेकर किसी कमा से पाल्हावास जा रहा था। फ्लाईओवर पर पहुंचते ही सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोहनपाल व फकीरचंद पर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस की मदद से ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। मोहनपाल की हालत नाजुक होने के कारण उसे पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया। उसके परिजन उसे एक प्राइवेट अस्पताल लेकर गए, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। रोहड़ाई थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में शराब के साथ गिरफ्तार आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### आठ पेटी देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** डहीना चौकी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव बुड़ोली निवासी कपिल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8 पेटी देशी शराब बरामद की है। गत 12 जून को पुलिस को सूचना मिली कि कपिल निवासी बुड़ोली अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है तथा अपने मकान के पास फिरनी में गाड़ी में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। पुलिस ने मौके से आरोपी को शराब सहित काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### बैंक खाता यूपीआई से लिंक नहीं साइबर ठगों ने उड़ाए एक लाख

**रेवाड़ी।** सांजरपुर के एक व्यक्ति का बैंक खाता यूपीआई से लिंक नहीं होने के बावजूद साइबर ठगों ने उसके खाते से एक लाख रुपये से ज्यादा दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में बिजेंद्र ने बताया कि उसका केनरा बैंक की शाखा में खाता है। उसका बैंक खाता मोबाइल से लिंक नहीं है। 10 जून को वह अपना बैंक बैलेंस चेक करने के लिए गया था। बैंक में बैलेंस चेक कराते समय बताया गया कि उसके खाते से 5 जून को 5 हजार रुपये यूपीआई के जरिए ट्रांसफर किए गए हैं। उसके बाद 6 जून को लगभग 50-50 हजार रुपये की दो ट्रांजेक्शन यूपीआई से करते हुए पैसे निकाले गए हैं। साइबर थाना पुलिस को बैंक डिटेल सौंपते हुए बिजेंद्र ने बताया कि उसने अपना खाता यूपीआई से लिंक नहीं कराया हुआ है। उसे साइबर ठगी का शिकार बनाया गया है। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है।

## बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक के साथ आरोपी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डहीना

डहीना चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव नेहरूगढ़ निवासी सोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। गांव कंवाली निवासी संजय कुमार ने गत 10 जून को अपनी बाइक को अपने घर के सामने खड़ा किया था, जिसे कोइ व्यक्ति चोरी करके ले गया है। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी गांव नेहरूगढ़ निवासी सोनू को बाइक सहित काबू कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### तापमान में मामूली गिरावट के बावजूद गर्मी ने सताया, आज से तापमान में गिरावट आने की संभावना

# अब उमस भरी गर्मी की आफत, पसीने में भीगते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हवा में नमी का स्तर बढ़ने के साथ ही उमस भरी गर्मी ने लोगों के जमकर पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए हैं। कूलरों की हवा भी बेअसर साबित हो रही है। भारी गर्मी से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है। 14 जून से तापमान में गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है। आने वाले सप्ताह मौसम में बदलाव की संभावना है। आसमान में बादलों के बीच झमाझम बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। शाम के समय आसमान में बादल छाने से बूंदाबांदी की संभावना नजर आने लगी। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप के कारण सुबह 8 बजे के बाद से ही गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गइ़ं। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 44.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 26.5 डिग्री पर पहुंच गया। इससे रात के समय भी गर्मी ने लोगों की नींद हराम करना शुरू कर दिया है। हवा में नमी का स्तर 40 फीसदी तक रहने के कारण भारी गर्मी ने उमस पैदा कर दी, जिससे लोग शाम तक पसीने में तर-बतर होते रहे। उमस भरी गर्मी के कारण कूलरों की हवा भी बेअसर हो गई। दोपहर तक बाजार में सन्नाटा छाया रहा, सड़कों पर वाहनों का आवागमन काफी कम रहा। दोपहर बाद 16 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने के बाद लोगों को कुछ राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को तापमान में कुछ गिरावट आ सकती है, परंतु उमस भरी गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। जून के दूसरे पखवाड़े में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता झमाझम बारिश लाने का काम कर सकती है। तापमान में तीन से पांच डिग्री तक कमी आ सकती है।



रेवाड़ी। गर्मी में राहत के लिए कूलर लेकर जाते हुए बाइक सवार। फोटो :हरिभूमि

**बिजली की खपत 95 लाख यूनिट**

भारी गर्मी के कारण कूलर और एसी का उपयोग बढ़ने से घरेलू क्षेत्र में बिजली की मांग बढ़ गई है। वीरवार को बिजली की खपत 95 लाख यूनिट तक पहुंच गई। बिजली ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ने से इनमें फॉल्ट आने भी शुरू हो गए हैं, जिससे कई फीडरों की बिजली बाधित होने लगी है। लोगों को घंटों बिजली का इंतजार करना पड़ रहा है। बिजली की डिमांड बढ़ने से निगम बारी-बारी से फीडरों पर कट लगा रहा है। तापमान में गिरावट आने तक बिजली की खपत में कमी के आसार नहीं हैं।

### खबर संक्षेप

### छह किसानों के ट्यूबवेलों से केबल ले गए चोर

**बावल।** बावल विस क्षेत्र के गांव शाहपुर में चोर 6 किसानों के ट्यूबवेलों से कॉपर की केबल चोरी कर ले गए। गांव निवासी नफे सिंह ने बावल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून की रात को चोर उनके ट्यूबवेल से 30 मीटर केबल काटकर ले गए। चोर किसान सतबीर, मांगेराम, कृष्ण, धर्मपाल व प्रकाश के ट्यूबवेलों से भी केबल चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### ऋषिकेश गया था युवक पीछे से बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा की कॉलोनी से चोर बाइक चोरी कर ले गए। गांव वाजिदपुर कोठिया जिला दरभंगा बिहार निवासी सोहन साहू ने धारूहेड़ा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सैयद कॉलोनी धारूहेडा में किराये पर रहता है। 7 जून को वह मोटसाइकिल को मकान के गेट के पास खड़ी करके ऋषिकेश चला गया था। अगले दिन 8 जून की सुबह उसके मकान मालिक वेदप्रकाश से उसको मोबाइल पर सूचना दी कि उसकी बाइक चोरी हो गई है। जब वह 11 जून को ऋषिकेश से वापस आया तो उसने अपने स्तर पर मोटरसाइकिल का पता किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### सीएचसी में शराब के नशे में घूमता युवक गिरफ्तार

**कुंड।** खोल थाना पुलिस ने एक युवक को सड़क पर शराब के नशे में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गस्त के दौरान देखा की सीएचसी खोल में एक युवक शराब के नशे में गिरता-पड़ता घूम रहा है। पुलिस ने उसे काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम धर्मेन्द्र निवासी खोरी बताला। पुलिस ने उसका सीएचसी खोल में शराब के नशे का मेडिकल कराया। पुलिस ने युवक पर सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे मे घूमने पर एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### काम करके लौट रहे युवक का रास्ता रोककर मारपीट

**रेवाड़ी।** गांव चांदनवास के पास एक युवक ने बाइक सवार युवकों का रास्ता रोककर मारपीट कर दी। आसियाकी गौरावास निवासी हर्ष कुमार ने रोहड़ाई थाना पुलिस को बताया कि 10 जून शाम को वह अपने साथी रोहित निवासी चांदनवास के साथ कोसली गांव से एसी-फ्रीज का काम करके मोटरसाइकिल से घर आ रहा था। इसके बाद वे दोनों रास्ते में पार्टी करने लगे। जब वे वापस घर जा रहे थे तो रेलवे फाटक बंद था तो रोहित पास के खेत में टॉयलेट करने के लिए चला गया। फाटक खुलने के बाद जब वे पंचायती रास्ते से सड़क पर चढे थे कि अजय उर्फ मुर्गा निवासी चांदनवास ने उनका रास्ता रोक लिया तथा बहस करने लगा। जब दोनों ने उसका विरोध किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। दोनों ने उसको पकड़ने की कौशिश कि तो वह मोटरसाईकिल को गिराकर भाग गया। उन्होंने डायल-112 पर पुलिस को कॉल की। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके गुरावड़ा स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया।

### महेश्वरी के पास टॉयलेट गए युवक की कार चोरी

**धारूहेड़ा।** गांव महेश्वरी के पास टॉयलेट के लिए गए युवक की कार चोरी हो गई। सिकंदरपुर जिला फरुखाबाद उत्तर प्रदेश निवासी शैलेन्द्र सिंह ने धारूहेड़ा सेक्टर-6 थाना पुलिस को बताया कि वह आरएचबी कॉलोनी भिवाडी जिला खैरथल-तिजारा राजस्थान में किराये पर रहता है। 28 मई को वह अपनी वैगनार से कापड़ीवास में अपने साथी को छोड़कर अपने घर जा रहा था, जब वह गांव महेश्वरी के पास पहुंचा तो टॉयलेट करने के लिए गाडी को साइड में खड़ी करके खेतों में चला गया। थोड़ी देर बाद जब वह वापस आया तो कार वहां से गायब थी।

### यादव कल्याण सभा का फ्री जांच कैंप कल

■ मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाइयां प्रदान की जाएंगी

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 15 जून को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाइयां प्रदान की जाएंगी। सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. रवि राव मेडिसिन, डा. अजय यादव हड्डीरोग, डा. अभिनव राव सर्जरी, डा. कंचन यादव नेत्ररोग, डा. अजीत यादव बालरोग व डा. योगेन्द्र यादव चर्मरोग के मरीजों की जांच करेंगे तथा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी की फ्री सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे।


समुद्र मे गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।


उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# छात्र बिना निवेश के पढ़ाई के साथ-साथ कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

---

भारत और दुनिया में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में लगातार हो रही बढ़ोतरी

# होटल मैनेजमेंट में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी और बेहतर लाइफ की गारंटी

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

हमारे देश का पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही होटल उद्योग के विकास में मांग भी बढ़ रही है। भारत एक लोकप्रिय ट्रेवल डेस्टिनेशन है और इस तरह होटल प्रबंधन का दायरा पहले की तुलना में छात्रों के लिए अधिक स्पष्ट और अधिक फायदेमंद हो गया है। जब स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद साधारण स्नातक (गेजुएशन) करने की बात आती है तो होटल मैनेजमेंट छात्रों की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। जैसे-जैसे होटल उद्योग लगातार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे होटल प्रबंधन पेशेवरों की भी आवश्यकता बढ़ रही है। भारत में हर साल पर्यटन बढ़ने के साथ, पेशेवरों की मांग बढ़ना तय है, जिससे इस कोर्स को करने वाले छात्रों को प्रसिद्ध कंपनियों में प्लेसमेंट का एक बड़ा मौका मिलेगा।

## कंपनियों में प्लेसमेंट का अच्छा मौका



### क्या है होटल मैनेजमेंट

हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में जाने का इच्छुक व्यक्ति होटल मैनेजमेंट को स्नातक डिग्री के रूप में चुन सकता है। इस फील्ड में ग्लैमर और लग्जरी के कारण, हर साल अधिक से अधिक छात्र इस नौकरी की ओर आकर्षित होते हैं।

### क्या है होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम

होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम आपको होटल या हॉस्पिटैलिटी सर्विस के विभिन्न पहलुओं जैसे सेल्स एंड मार्केटिंग, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, फूड प्रोडक्शन, हाउसकीपिंग और कई किचन स्किल को कवर करने में मदद करेगा। भारत में कई सरकारी और निजी कॉलेज होटल मैनेजमेंट में डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कराते हैं, जो बहुत सारे छात्रों के लिए एक आकर्षक और रोमांचक पाठ्यक्रम बन गया है।

### टॉप यूनिवर्सिटीज

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशंस, पूसा
- आईएचएम मुंबई
- वेलकमग्रुप ग्रेजुएट स्कूल ऑफ होटल एडमिनिस्ट्रेशन, मणिपाल
- आईएचएम हैदराबाद
- एआईएचएमसीटी, बेंगलुरु
- बनारसीदास चांदीवाला इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली

### करियर की संभावनाएं

*हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में संचालन, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, सिक्युरिटी आदि जैसे कई विभाग हैं, इसलिए आप अपना पसंदीदा विभाग चुन सकते हैं और विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। होटल मैनेजमेंट में संभावनाएं -*

- होटल्स एंड टूरिज्म एसोसिएशन
- क्लब / रेस्टोरेंट मैनेजमेंट
- क्रूज शिप होटल मैनेजमेंट
- एयरलाइन कैटरिंग एंड केबिन सर्विस
- होटल्स में किचन मैनेजमेंट
- होटल, रिजॉर्ट्स में फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट
- इंडियन नेवी में हॉस्पिटैलिटी सर्विस

### शैक्षणिक योग्यता

होटल मैनेजमेंट के डिग्री या डिप्लोमा कोर्स को चुनने के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या संस्थान से कक्षा 10+2 उत्तीर्ण है। होटल प्रबंधन के किसी भी विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए आप 12 वीं कक्षा पास करने के बाद सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। स्नातकोत्तर का चयन करने के लिए, आपको किसी भी मान्यता प्राप्त होटल प्रबंधन विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है। होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति में विवादों और आलोचनाओं को धैर्य से संभालने की क्षमता होनी जरूरी है। उम्मीदवार को अतिथि के प्रति हर स्थिति में विनम्र और सहयोगी होना जरूरी है।

### ऐसे करें आवेदन

आप होटल प्रबंधन कॉलेज के लिए किसी खास कॉलेज के आवेदन पत्र को भरकर या उसके लिए राष्ट्रीय / राज्य स्तर की प्रवेश परीक्षा देकर आवेदन कर सकते हैं। कई विश्वविद्यालय होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं।

### प्रवेश परीक्षाएं

- नेशनल लेवल एंट्रेंस-
- एनसीएचएम जेईई
- एआईएमए यूजीएटी

**सैलरी :** स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद नौकरी का विकल्प चुनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए ट्रेनिंग के दौरान प्रारंभिक वेतन 10,000- 13,000 रुपए के बीच होता है। इसके बाद आपके प्रदर्शन के अनुसार वेतन में वृद्धि होना तय है।

### स्टेट लेवल एंट्रेंस

- यूपीएसईई बीएचएमसीटी (उत्तर प्रदेश)
- एमएएच सीईटी एचएम (महाराष्ट्र)
- डब्ल्यूबीजेईई एचएम (पश्चिम बंगाल)
- यूनिवर्सिटी लेवल एंट्रेंस
- पीयूटीएचएटी (पंजाब विश्वविद्यालय)
- सीयूईटी (क्राइस्ट यूनिवर्सिटी)
- आईपीयू सीईटी (गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय)

## होटल मैनेजमेंट में शेफ की नौकरी एक शानदार विकल्प



10+2 करने के बाद हर स्टूडेंट एक ऐसा कोर्स प्रोफेशनल कोर्स करना चाहता है, जो उसे अच्छी सैलरी वाली नौकरी जल्द से जल्द दिला दे। होटल व रेस्टोरेंट में शेफ की नौकरी एक अच्छा विकल्प हो सकती है। आजकल हमें कही भी जाना हो तो हम रहने के लिए सबसे पहले होटल दूढते है होटलो के बढते कारोबर ने इसमें रोजगार के कई अवसर खोल दिये है। यदि आप नई नई रेसिपी बनाने में दिलचस्पी रखते हैं। तो आपके लिये शेफ बनना फायदेमंद सौदा हो सकता है। पिछले कुछ सालों से लगातार होटलों और रेस्टोरेंट की सख्या बढ़ी है। बड़े शहरों के बाद अब छोटे शहरों में भी रेस्टोरेंट खुले हैं जिससे इस इंडस्ट्री में हुनरमंद प्रोफेशनल्स की मांग भी बढ़ी है। किसी भी बड़े होटल में एक शेफ का रूतवा किसी बड़े अधिकारी से कम नही होता है. उसके अंडर में एक पूरी टीम काम करती है जो खाना बनाने के अलग-अलग डिपार्टमेंट संभालती है अगर आप भी उन लोगों में से है जो किचन में मजबूरी नही शौक से जाते है तो आपका इस फील्ड में स्वागत है । कोई भी व्यक्ति होटल में शेफ बन कर अच्छी सैलरी वाली नौकरी आसानी से हासिल कर सकता है।

### होटल में शेफ कैसे बने

यदि आप होटल इंडस्ट्री में शेफ बनना चाहते हैं, तो आपको शेफ कैसे बने की पूरी जानकारी होनी बहुत जरूरी हैं शेफ बनने के लिये आपको होस्पिटेलिटी मैनेजमेंट कोर्स करना जरूरी होता है। शेफ बनना भी होटल मैनेजमेंट का ही एक हिस्सा है। इस फिल्ड में आने के लिए होटल मैनेजमेंट का कोर्स होता है जो 12वीं के बाद किया जा सकता हैं। इस फिल्ड में कई कोर्स उपलब्ध है जैसे डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स. इनमें से कोई भी कोर्स आप अपने एजुकेशन के हिसाब से चुन सकते है। होटल मैनेजमेंट के कोर्स के दौरान स्टूडेंटस कई सारी चीजें करना सीखते हैं। शेफ, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, बार टेंडर हाउसकीपिंग आदि चीजें भी इस कोर्स के अंतर्गत सिखाई जाती हैं।

### जरूरी योग्यताएं

शेफ बनने के लिये इच्छुक लोगों का क्रियेटिव होना बहुत जरूरी है। विदेशी कुजिन्स की जानकारी होना बहुत जरूरी है। कम से कम सामग्री से ज्यादा से ज्यादा रेसिपी बनाने में महारत हासिल हो। खाना बनाना और भोजन परोसने की कला को अच्छी तरह समझने वाला व्यक्ति ही शेफ बन सकता है। शेफ कोर्स करने के लिये आपका शारीरिक रूप से फिट होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक शेफ को अपना अधिकतर काम खड़े होकर ही करना पड़ता है। शेफ को यह पता होना चाहिए कि पाचन प्रणाली किस प्रकार काम करती है। पाचन प्रणाली पर भोजन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स की जानकारी होना जरूरी है। विदेशी भोजन के बारे में अच्छी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

---

# दिल की सुनो: अपने पसंदीदा विषय को चुनें और उसी में बनाएं करियर



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में करियर का चुनाव एक ऐसा निर्णय है जो न केवल आपके भविष्य को आकार देता है, बल्कि आपकी खुशी और संतुष्टि को भी प्रभावित करता है। अक्सर देखा जाता है कि छात्र समाज, परिवार या दोस्तों के दबाव में आकर ऐसे करियर विकल्प चुन लेते हैं जो उनके दिल के करीब नहीं होते। लेकिन सच्चाई यह है कि सबसे अच्छा करियर वही है जो आपको सुकून दे, जो आपके जुनून को जगाए और जिसमें काम करना आपको बोझ न लगे। इस लेख में, हम बात करेंगे कि क्यों आपको अपने पसंदीदा विषय को चुनना चाहिए और कुछ रोमांचक करियर विकल्पों के बारे में भी जानेंगे। हर इंसान में कुछ खास होता है, और हर छात्र का एक ऐसा विषय या क्षेत्र होता है जिसमें वह स्वाभाविक रूप से रुचि रखता है। हो सकता है आपको गणित के सूत्र हल करना पसंद हो, या फिर साहित्य की गहराइयों में डूबना आपको सुकून देता हो।

## जो काम पसंद हो, वह बोझ नहीं लगता

हो सकता है आप प्रकृति के रहस्यों को समझने के लिए उत्सुक हों या फिर कला और रचनात्मकता में खो जाना चाहते हों। यह आपका जुनून है, और यही वह चिंगारी है जो आपको एक सफल और खुशहाल करियर की ओर ले जा सकती है। जब आप वह चुनते हैं जो आपको सचमुच पसंद है, तो काम करना एक बोझ नहीं, बल्कि आनंद का स्रोत बन जाता है। आप अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, क्योंकि आप उसमें पूरी मेहनत और लगन से काम करते हैं। इसके विपरीत, अगर आप समाज या माता-पिता के दबाव में आकर डॉक्टर, इंजीनियर या कोई अन्य पारंपरिक करियर चुन लेते हैं, जिसमें आपकी रुचि नहीं है, तो आप लंबे समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। भारतीय समाज में अक्सर कुछ करियर विकल्पों को ही "सुरक्षित" और "प्रतिष्ठित" माना जाता है। माता-पिता का यह डर स्वाभाविक है कि उनके बच्चे को एक स्थिर और सम्मानजनक भविष्य मिले। लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि आज के दौर में अवसरों की कमी नहीं है। तकनीक, कला, पर्यावरण, खेल, और कई अन्य क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं पहले से कहीं ज्यादा हैं। अपने माता-पिता से खुलकर बात करें। उन्हें बताएं कि आपका जुनून क्या है और उसमें करियर बनाकर आप कैसे सफल हो सकते हैं। उदाहरण देकर उन्हें समझाएं कि आज के समय में हर क्षेत्र में अवसर हैं।

**विज्ञान :** अगर आपको जीव विज्ञान पसंद है, तो आप डॉक्टर, बायोटेक्नोलॉजिस्ट, पर्यावरण वैज्ञानिक, या वन्यजीव विशेषज्ञ बन सकते हैं। भौतिकी या रसायन विज्ञान में रुचि है? आप रिसर्च साइंटिस्ट, डेटा साइंटिस्ट, या स्पेस साइंटिस्ट के रूप में करियर बना सकते हैं। तकनीक में रुचि है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, या साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्र आपके लिए हैं।

**गणित :** गणित के शौकीनों के लिए डेटा एनालिस्ट, एक्ट्यूएरी (बीमा गणितज्ञ), क्रिप्टोग्राफर, या फाइनेंशियल एनालिस्ट जैसे करियर बेहतरीन विकल्प हैं। आप गणित शिक्षक बनकर अगली पीढ़ी को प्रेरित भी कर सकते हैं।

**साहित्य और भाषा:** अगर आपको कहानियां लिखना या पढ़ना पसंद है, तो आप लेखक, पत्रकार, कंटेंट क्रिएटर, या अनुवादक बन सकते हैं। साहित्य में रुचि आपको स्क्रिप्ट राइटर, कॉपीराइटर, या साहित्यिक समीक्षक जैसे रचनात्मक करियर की ओर ले जा सकती है।

### कला और रचनात्मकता

कला, संगीत, या डांस में रुचि है? आप ग्राफिक डिजाइनर, एनिमेटर, म्यूजिक कंपोजर, या कोरियोग्राफर बन सकते हैं। फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, या फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र भी रचनात्मक दिमाग वालों के लिए बेहतरीन हैं।

**खेल और फिटनेस :** अगर खेल आपका जुनून है, तो आप प्रोफेशनल एथलीट, स्पोर्ट्स कोच, फिटनेस ट्रेनर, या स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट बन सकते हैं। ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग भी आज के समय में एक उभरता हुआ करियर विकल्प है।

**सामाजिक विज्ञान :** इतिहास, भूगोल, या समाजशास्त्र में रुचि है? आप पुरातत्वविद, भूगोलवेत्ता, या सामाजिक कार्यकर्ता बन सकते हैं। मनोविज्ञान में रुचि है? आप काउंसलर, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, या एचआर प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

**तकनीक और नवाचार :** कोडिंग और तकनीक में रुचि है? सॉफ्टवेयर डेवलपर, गेम डेवलपर, या एथिकल हैकर बनने का सोचें। स्टार्टअप शुरू करके अपने आइडिया को हकीकत में बदल सकते हैं।

**खुशी ही असली सफलता है :** याद रखें, करियर का मतलब केवल पैसा कमाना नहीं है। असली सफलता तब मिलती है जब आप सुबह उठकर अपने काम के लिए उत्साहित हों। जब आप अपने पसंदीदा क्षेत्र में काम करते हैं, तो मेहनत करना आसान हो जाता है, और सफलता अपने आप आपके कदम चूमती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषतः बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों की विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप



### युवाओं ने लगाई मीठे पानी की छबील

**रेवाड़ी।** गांव कनूका में शुक्रवार को लोगों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए युवाओं की ओर से ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस अवसर पर कनूका के सरपंच व भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष जयवीर योगी ने कहा कि गर्मी में राहगीरों को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। युवाओं ने रास्ते से गुजर रहे लोगों को मीठा पानी पिलाया।

### स्कूटी चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** भाड़ावास गेट चौकी पुलिस ने स्कूटी चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान यूपी के जिला फिरोजाबाद के गांव नांगल हिम्मत निवासी सोमेश व शिवम कुमार के रूप में हुई है। मोहल्ला बाससिताबराय निवासी धीरज शर्मा ने 17 मई को स्कूटी चोरी की शिकायत दी थी, पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को पकड़ा है।

### जयपुर मंडल के खातीपुरा स्टेशन यार्ड में किया जा रहा द्वितीय चरण का कार्य

# जुलाई में दो दिन 2 ट्रेन रद, 4 आंशिक रूप से नहीं चलेंगी और सात का रूट डायवर्ट

प्रयागराज-लालगढ ट्रेन 12 जुलाई को आगरा कैंट-बयाना-सवाईमाधोपुर-जयपुर होकर चलेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मंडल के खातीपुरा स्टेशन यार्ड में खातीपुरा फेज द्वितीय चरण कार्य के अन्तर्गत तकनीकी कार्य किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। कार्य के चलते जुलाई माह में ट्रेनें रद, आंशिक रद व मार्ग परिवर्तित रहेंगी। गाड़ी संख्या 09635 जयपुर-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा व गाड़ी संख्या 09636 रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा 13 जुलाई को दर रहेगी।




**रेवाड़ी।** रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरते हुए एक्सप्रेस ट्रेन। *फोटो : हरिभूमि*

#### प्रारंभिक स्टेशन से आंशिक रद

गाडी संख्या 51973 मथुरा-जयपुर रेलसेवा 13 जुलाई को मथुरा से प्रस्थान करके खातीपुरा तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा खातीपुरा-जयपुर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाडी संख्या 51974 जयपुर-मथुरा रेलसेवा 13 जुलाई को जयपुर के स्थान पर खातीपुरा से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12195 आगरा फोर्ट-अजमेर रेलसेवा 13 जुलाई को आगरा फोर्ट से प्रस्थान करके बांदीकुई तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12196 अजमेर-आगरा फोर्ट रेलसेवा 13 जुलाई अजमेर के स्थान पर बांदीकुई से संचालित होगी। यह रेलसेवा अजमेर-बांदीकुई स्टेशनों के मध्य आंशिक रद रहेगी।

#### इन ट्रेनों का रहेगा मार्ग परिवर्तित

गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली रेलसेवा 12 जुलाई को भुज से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाडी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीम का थाना, नारनौल व अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम-जैसलमेर रेलसेवा 12 जुलाई को काठगोदाम से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाडी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12015 नई दिल्ली-अजमेर रेलसेवा 13 जुलाई को नई दिल्ली से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाडी-रींगस-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाडी संख्या 20964 वाराणसी-साबरमती ट्रेन 12 जुलाई को वाराणसी से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाडी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी रेलसेवा 13 जुलाई को बाड़मेर से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14853 वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा 12 जुलाई को वाराणसी से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग भरतपुर-बांदीकुई-जयपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग भरतपुर-सवाईमाधोपुर-जयपुर होकर संचालित होगी। गाडी संख्या 12403 प्रयागराज-लालगढ रेलसेवा 12 जुलाई को प्रयागराज से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग आगरा कैंट-मथुरा-अलवर-जयपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग आगरा कैंट-बयाना-सवाईमाधोपुर-जयपुर होकर संचालित होगी।



**रेवाड़ी।** सभा में मौजूद गोरक्षक सम्मान समिति के सदस्य।

## सीएम करेंगे गोरक्षक सोनू सरपंच चौक का शिलान्यास

- 15 जून को को आएंगे मुख्यमंत्री नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गोरक्षक शहीद देवेन्द्र यादव उर्फ सोनू सरपंच फिदेडी सम्मान समिति की ओर से शुक्रवार को संयोजक रविन्द्र आशावादी की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। आशावादी ने कहा कि 15 जून को मुख्यमंत्री गोरक्षक के नाम से चौक का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा इस तरह का विश्व का पहला चौक होगा जो गोरक्षक सोनू सरपंच के नाम रहेगा। आशावादी ने इस कार्य में सहयोग देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व विधायक लक्ष्मण सिंह यादव का आभार व्यक्त किया है।

#### गोली से हुई थी मौत

विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री एवं समिति के सदस्य राजकुमार यादव ने बताया कि पिछले वर्ष 15 जून 2024 को मेवात क्षेत्र के दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर गोतस्करों के साथ मुठभेड़ के दौरान गोरक्षक सोनू सरपंच की गोलियां लगी थी, जिसके बाद उनका 51 दिन तक इलाज चला, लेकिन वे जिंदगी की जंग लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। उसके बाद गोभक्तों ने एक बड़ी महापंचायत की तथा सरकार के समक्ष कुछ मांगे रखी गई, जिसके बाद 11 अगस्त को सोनू सरपंच को श्रद्धाजंलि देने पहुंचे मुख्यमंत्री के समक्ष मांगों को रखा गया था। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोसली विधायकअनिल यादव, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार, जिला अध्यक्षा वंदना पोपली, नगर परिषद की चेयरमैन पूनम यादव व सभी नगर पार्षदों व गो भक्तों ने सक्रिय भूमिका निभाई है।

## जिले में 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर बनाए जाएंगे नए बूथ

- एक जनवरी 26 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर मतदाता सूचियों का होगा पुन: निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण एक जनवरी 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर किया जाएगा। इसके अलावा जहां-जहां जरूरत होगी वहां नए बीएलओ नियुक्त किए जाएंगे।

डीसी अभिषेक मीणा ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के बाद जानकारी देते हुए बताया कि जिले के बावल (अजा)72, कोसली-73 व रेवाड़ी-74 विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग बूथों के रेशनेलाइजेशन का कार्य जारी है, जिन बूथों पर 12 सौ से अधिक मतदाता होंगे वहां नए बूथ बना जाएंगे, जिनमें बावल (अजा) विस क्षेत्र में 37, कोसली में 18 व रेवाड़ी में 59 शामिल है। रेशनेलाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन बूथों के लिए बीएलओ की नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद तारीख व समय निर्धारित कर राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी। डीसी अभिषेक मीणा ने सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में नए बनाए जाने वाले बूथों की फिजिकल वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को सीईओ हरियाणा और ईसीआई के सोशल मीडिया अकाउंट को ज्वाइन करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक संपर्क विभाग को निर्वाचन विभाग द्वारा जारी गतिविधियों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सुरेन्द्र सिंह, सीटीएम प्रीति रावत, नायब तहसीलदार अजय यादव मौजूद रहे।



**रेवाड़ी।** अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी अभिषेक मीणा। **फोटो : हरिभूमि**

## समन्वय से कार्य करके जनविश्वास को और मजबूत करें अधिकारी: एडीसी



**रेवाड़ी।** समाधान शिविर की समीक्षात्मक बैठक में मौजूद एडीसी व अन्य अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एडीसी अनुपमा अंजलि ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में सभी विभागाध्यक्षों के साथ समाधान शिविरों में आई शिकायतों और उनके निवारण की समीक्षा की। इससे पूर्व एडीसी ने श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले की रिपोर्ट दी। वीसी के उपरांत एडीसी अनुपमा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लंबित शिकायतों का आगामी बैठक से पूर्व समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर हर शिकायत में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए और उनकी शिकायत का फॉलो-अप करते हुए समाधान की पुष्टि भी की जाए। एडीसी अंजलि ने कहा कि अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए जनविश्वास को और मजबूत करें। सभी विभागाध्यक्षों को शिकायतों का निपटान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शिविरों में आने वाली शिकायतों का तत्परता से निदान किया जा रहा है।

## समाधान शिविर में आई शिकायतों का तत्परता से निपटारा करें : एसडीएम

- निपटारा करने के बाद उसकी रिपोर्ट कार्यालय को नियमित रूप से भिजवाई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का समाधान तय समय सीमा में और प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। अगले दस दिनों में जितनी भी समस्याएं विभागीय अधिकारियों को समाधान शिविर के माध्यम से प्राप्त हुई हैं, उन सबका निवारण जल्द करें। एसडीएम शुक्रवार को अपने कार्यालय में समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंचायत विभाग, बिजली विभाग, राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभाग अवैध कब्जा हटाने, अतिक्रमण, निशानदेही, सफाई व्यवस्था, खालों का निर्माण, विभिन्न प्रमाण-पत्र, पेंशन स्कीम व परिवार पहचान-पत्र से संबंधित शिकायतों पर तीव्र कार्रवाई करें। शिकायतों का शीघ्र निपटारा कर उसकी रिपोर्ट कार्यालय को नियमित रूप से भिजवाई जाए। इस अवसर पर बीडीपीओ अनिल कुमार, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ संजीव कुमार, अनिल कुमार, राजस्व विभाग से धर्मेंद्र सिंह, पंचायत विभाग के एसडीओ संजीव कुमार, सिंचाई विभाग के जेई सुनील कुमार यादव व कृषि अधिकारी नवीन कुमार मौजूद थे।




**रेवाड़ी।** समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा करते हुए एसडीएम।



**रेवाड़ी।** किसानों को जानकारी देते हुए कृषि विशेषज्ञ।

## कृषि विभाग ने दो सौ गांवों को कवर किया

- विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन हो गया। यह अभियान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र बावल, कृषि विज्ञान केंद्र रामपुरा, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग और बागवानी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किसानों को आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों से अवगत कराने तथा योजनाओं की जानकारी देने के लिए चलाया गया। जिले में अभियान के अंतर्गत लगभग 200 गांवों को कवर किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. कपूर सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों तक कृषि की विकसित तकनीकों व सरकारी योजनाओं की सही जानकारी पहुंचाना था ताकि वे उनका लाभ लेकर अपनी आमदनी बढ़ाकर देश के विकास में योगदान दे सकें। अभियान के दौरान कृषि अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों की टीमों ने गांव-गांव जाकर किसानों को सरकारी अनुदान योजनाएं, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, ड्रिप सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्र अनुदान की जानकारी तथा खरीफ फसलों की उन्नत खेती का प्रशिक्षण व जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। किसानों को विभागीय मोबाइल एप्स, पोर्टल व हेल्पलाइन सेवाओं के प्रयोग की भी प्रेरणा दी गई। जिला कृषि अधिकारी डा. जितेंद्र अहलावत ने बताया कि अभियान ने किसानों को नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

#### आंदोलन बनाया

उपमंडल कृषि अधिकारी डा. दीपक कुमार ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान में एक जन आंदोलन बनकर उभरा है, जिसने खेती को नई दिशा देने का कार्य किया है। विभाग ने यह भी संकेत दिए हैं कि भविष्य में इस प्रकार के और भी अभियान चलाए जाएंगे, ताकि किसान आत्मनिर्भर और तकनीक-संलग्न कृषि की ओर अग्रसर हो सकें। तकनीकि अधिकारी डा. मनोज वर्मा ने बताया कि संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रत्येक गांव में कृषक संवाद, फील्ड डेमो व वीडियोग्राफी जैसी गतिविधियां की गईं।

## गर्मी और हीट स्ट्रोक में एहतियात बरतें तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गर्मी के मौसम में बढ़ते हुए तापमान से हीट स्ट्रोक व लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। विशेषकर धूप में ज्यादा घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को हीट स्ट्रोक व लू लगने का डर ज्यादा रहता है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी अभिषेक ने कहा कि जिला वासी हीट स्ट्रोक व हीट वेव से बचाव करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। डीसी ने कहा कि हीट स्ट्रोक व हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, टोपी या छाते का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, छाछ, नारियल पानी व नींबू पानी का सेवन करें। पार्किंग में बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं, उन्हें हीट स्ट्रोक व हीट वेव लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो पेड़ या छाया में ही आसरा लें।

#### कमजोर व्यक्तियों की विशेष देखभाल करें



डीसी ने कहा कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की विशेष देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच अवश्य करें। डीसी ने बताया कि हीट स्ट्रोक से बचने और डिहाइड्रेशन के खतरे को कम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। गर्मियों में शरीर से पसीने के रूप में बहुत सारा पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स निकल जाते हैं, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

## अलावलपुर में श्याम बाबा के हवन व भंडारे का आयोजन



**धारूहेड़ा।** गांव अलावलपुर के श्याम मंदिर में बाबा खाटू श्याम जी के वार्षिक उत्सव पर हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। इससे एक दिन पूर्व श्याम सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने कलश यात्रा निकाली व जागरण का आयोजन किया। शुक्रवार सुबह हवन के बाद कन्याओं को भोजन कराने के बाद भंडारे का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मंदिर ट्रस्टी व श्याम बाबा सेवा समिति के कार्यकर्ता मुरारी लाल, राजबीर यादव, कमल यादव, विजय कुमार, जसवंत, विनोद चौधरी, देशराज, ज्योति, रोहित, निर्मल व सुशीला सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## धार्मिक विचारों की व्यक्ति थे सियाराम शर्मा: रणवीर शर्मा

**रेवाड़ी।** आईजीयू मीरपुर के पूर्व कुलसचिव प्रोफेसर प्रमोद भारद्वाज के पिता सियाराम शर्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति शुक्रवार को गांव पहुंचे। छत्तीसगढ से पहुंचे आईएएस रणवीर शर्मा ने कहा कि सियाराम शर्मा एक बहुत ही कर्मठ और धार्मिक विचारों की व्यक्ति थे। अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव ने उनके धार्मिक विचारों की प्रंशसा की। अमर सिंह यादव ने द्विवंगत आत्मा की शांति के लिए कामना दी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओ ए स डी अभिमन्यु राव एवं भाजपा नेता पवन खैरवाल ने परिवार को सांत्वना दी। इस मौके पर ह रि या ण वी फिल्मों कलाकार एवं निर्माता ह रि ओ म कौशिक, इसराना के सरपंच राजेश शर्मा, दोंगड़ा अहीर के सरपंच बबरूभान, अटेली पंचायत समिति के अध्यक्ष राजेंद्र यादव, सीहमा पंचायत समिति के अध्यक्ष अजीत यादव, ठाकुर अतरलाल, एडवोकेट देवेंद्र लांबा, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर एवं महर्षि ज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक से विभिन्न प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्षों ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस मौके पर पूर्व सरपंच यदूनंदन, महावीर सिंह, चन्दगीराम, प्रो. बस्तीराम, प्रो. प्रवीण, प्रो. संजय व प्रो. मनीषा यादव उपस्थित थे।



सियाराम शर्मा का फाइल फोटो।

- सियाराम शर्मा को सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने दी श्रद्धांजलि

### तैयारी | एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिए दिशा-निर्देश

15 जून को रेवाड़ी आएंगे मुख्यमंत्री नायब सैनी, तैयारी में जुटे अधिकारी

# मुख्यमंत्री आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर रहेंगे पुलिस के जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आगामी 15 जून को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के रेवाड़ी आगमन को लेकर जिला पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता प्रबंध किए है। मुख्यमंत्री नवनिर्मित जेल परिसर का उद्घाटन करने के साथ ही राव तुलाराम स्टेडियम परिसर में धन्यवाद रैली में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने लघु सचिवालय सभागार में सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि सीएम कार्यक्रम में एक हजार ज्यादा पुलिस जवान एवं अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग ले तथा असामाजिक व संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखी जाए। एसपी ने कहा कि सुरक्षा को लेकर सिविल ड्रेस में भी पुलिस बल तैनात रहेगा तथा प्रत्येक व्यक्ति पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफिक थाना प्रभारी सहित सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रैली के दौरान बाहर से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसलिए वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से व्यवस्था होनी चाहिए।



**रेवाड़ी।** पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते एसपी हेमेंद्र मीणा।

#### शहर में अनेक जगह लगाए जाएंगे नाके

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन पर यातायात को सुचारू रुप से चलाने के लिए शहर के विभिन्न मार्गों पर पुलिस के नाके लगाए जाएगे तथा चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी वीआईपी की निगरानी व सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। एसपी ने कहा कि आमजन 15 जून को बिना किसी इमरजेंसी के भारी वाहन लेकर शहर में प्रवेश न करें व अन्य वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें। वाहन मालिक अपने वाहनों को सड़कों पर खड़ा न करें। एसपी ने बताया कि 15 जून को कार्यक्रम के दौरान धारूहेड़ा चुंगी से दिल्ली रोड, एनएच-352 फ्लाईओवर चौक तक व राव अभयसिंह चौक से प्रजापति चौक तक वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। धारूहेड़ा से रेवाड़ी की ओर आने वाले वाहन दिल्ली रोड से एनएच-352 फ्लाईओवर से रामगढ़ फ्लाईओवर के नीचे से व प्रजापति चौक आने के बाद आजाद चौक के रास्ते शहर में प्रवेश कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 18 को

**रेवाड़ी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की धारूहेड़ा फोरम की ओर से 18 जून को दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक उपभोक्ताओं की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी, जिसमें धारूहेड़ा व जोनावास सब स्टेशन के उपभोक्ता शामिल हो सकते है। डीएचबीवीएन के एक्सईएन धमेन्द्र रूहिल धारूहेड़ा कार्यालय में जनसुनवाई करेंगे। इस मौके पर डीसीजीआरएफ टीम भी मौजूद रहेगी। उपभोक्ता बिजली से संबंधित किसी भी समस्या को लेकर फोरम से मिल सकते है।

### विमान दुर्घटना हृदय विदारक व दुर्भाग्यपूर्णः अनिल

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि अचानक हुआ यह हृदय विदारक हादसा काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक अनिल यादव ने कहा कि हवाई जहाज दुर्घटना में एकदम से 260 व्यक्तियों को काल ने लील लिया। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी का जाना बेहद दुखद है। वह भारतीय जनता पार्टी के गुजरात में आधार स्तंभ थे। विधायक ने मृतक नागरिकों के परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान का कार्यक्रम रविवार को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 15 जून को पंजाबी धर्मशाला में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि श्री श्याम दिवाना मंडल के प्रधान मनोज यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व एम्स संघर्ष समिति के प्रधान कैलाश चंद विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर प्राचार्य राजेंद्र सिंह यादव, शिक्षाविद प्रो. सीएल सोनी, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के जिला प्रधान दीपेश भार्गव व समाजसेवी आदर्श राजपाल का अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम 60 वर्ष से ऊपर की आयु के नागरिकों का सम्मान किया जाएगा।

अस्पताल में उपचाराधीन ससुर के इलाज को मांगे थे रवि ने पैसे, पिता के इनकार करने के बाद इलेक्ट्रिशियन को दी थी सुपारी

# ससुर की जिंदगी पिता की जान से कीमती इलाज के पैसे नहीं देने पर जान का सौदा

जान बचाने के लिए बीरसिंह ने लगाई थी पूरी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी व जानकारी देते डीएसपी। फोटो :हरिभूमि

ठोठवाल निवासी बीरसिंह से उसके बेटे रवि ने अस्पताल में दाखिल अपने ससुर के इलाज के लिए पैसों की मांग की थी। बीरसिंह ने उसे पैसे देने से मना किया, तो उसने पड़ोस के गांव के इलेक्ट्रिशियन से पिता को मौत के घाट उतारने के लिए पांच लाख रुपये में सौदा किया था। यह रकम भी पिता को मौत के घाट उतारने के बाद अदा करने को कहा था। पुलिस ने बेटे व 'सुपारी किलर' दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। गत 10 जून को ठोठवाल निवासी बीरसिंह घर से बाइक लेकर ताश खेलने के लिए निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। शाम को उसकी पत्नी सुशीला और बेटा रवि दोनों रामपुरा पुलिस थाने पहुंचे। वहां रवि ने अपने पिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। एसएचओ ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद रात को करीब 9 बजे मां-बेटे को घर भेज दिया। लगभग आधे घंटे बाद ही रवि ने पुलिस को फोन कर बताया कि उसके पिता का शव खेत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद रात को ही पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। इसके बाद शव को सिविल हास्पिटल की मोर्चरी में रखवा दिया। 11 जून को शव का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि मृतक की गर्दन पर धारदार हथियार से तीन-चार वार किए हुए हैं। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की।

### रवि ने संदेहास्पद बयानों ने फंसाया

पुलिस ने जिस समय बीरसिंह के शव को कब्जे में लिया, उस समय उसके शरीर से काफी खून निकला हुआ था। रवि ने पुलिस को बताया कि इस एरिया के खेतों में आवारा पशु घूमते हैं। शायद उसके पिता पर भी किसी पशु ने हमला किया होगा, जिससे उसके पिता की जान चली गई। थाने से आने के बाद आधे घंटे में ही पिता का शव मिलने की सूचना देना और मौत कारण आवारा पशुओं का हमला बताना रवि के प्रति पुलिस के दिमाग में संदेह पैदा करने वाला साबित हो गया।

### कृष्ण के साथ देखा गया था बीरसिंह

पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई थी कि आखिरी बार ग्रामीणों ने बीरसिंह को पुंसिका निवासी कृष्ण के साथ जाते हुए देखा था। पुलिस ने कृष्ण को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह बिजली ठीक करने के लिए बीरसिंह के साथ गया था। कृष्ण के शरीर पर दो जगह दांतों से काटने के निशान पाए गए। पूछताछ में उसने गांव के एक युवक पर झगड़ा होने के बाद काटने की बात कही। पुलिस ने उस युवक से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह तो कृष्ण से मिला तक नहीं है।

### सख्ती से पूछताछ के बाद दोनों काबू

पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो कृष्ण ने बताया कि बीरसिंह को मौत के घाट उतारने के लिए उसके बेटे रवि ने उसे 5 लाख रुपये का लालच दिया था। पुलिस ने रवि को काबू करने के बाद पूछताछ की, तो उसने बताया कि 50 लाख की जमीन बेचने के बाद पिता ने उसे जो पैसे दिए थे, वह खर्च हो चुके थे। उसका ससुर एक अस्पताल में दाखिल है। उसके उपचार के लिए वह पिता से पैसे मांग रहा था, परंतु उसके पिता ने पैसे देने से मना कर दिया था। इसी बात से खफा होकर उसने हत्या की योजना बनाई थी।

### बीरसिंह का इकलौता बेटा है रवि

रवि अपने पिता का इकलौता बेटा है। उसके बहन की शादी हो चुकी है। डीएसपी जोगेंद्र शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि रवि के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। एक मामले में वह बरी हो चुका है, जबकि एक मामला नूंह में चल रहा है। कृष्ण के खिलाफ भी केस दर्ज हैं। पुलिस ने उससे हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है। अब दोनों आरोपियों को कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

# नंबरदारों ने लंबित मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

- विधायक ने आश्वाशन दिया कि मुख्यमंत्री के समक्ष नंबरदारों की मांगों को प्रमुखता से रख जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। विधायक को ज्ञापन सौंपते नंबरदार। फोटो : हरिभूमि

नंबरदार एसोसिएशन की बैठक शुक्रवार को बाल भवन में प्रधान उदयराज नंबरदार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी नंबरदार 15 जून को राव तुलाराम स्टेडियम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धन्यवाद रैली में हिस्सा लेंगे। बैठक के बाद नंबरदारों के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक लक्ष्मण सिंह को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। विधायक ने आश्वाशन दिया कि मुख्यमंत्री के समक्ष नंबरदारों की मांगों को प्रमुखता से रख जाएगा। नंबरदार एसोसिएशन ने नंबरदारों की नियुक्ति पर लगी रोक हटाने, सरबरा नंबरदारों की नियुक्ति करने, नंबरदारों का मानदेय सरपंचों के समान करने, नंबरदारों की आयु सीमा की शर्त को समाप्त करने तथा सभी तहसीलों में नंबरदारों के बैठने के लिए उचित स्थान देने की मांग की। इस मौके पर अर्जुन सिंह जिला उपाध्यक्ष, जसवंत सिंह बिहारीपुर, सुंदरलाल गंगायचा जाट, सतीश नंबरदार ओलांत, संजय ढोकिया, जोगेन्द्र राव प्रेस सचिव, विकास यादव गुरावड़ा जिला सचिव, धर्मवीर सिंह यादव महासचिव, धर्मसिंह तहसील उपप्रधान, राजरानी नंबरदार, रामकिशन, रुपचन्द, मांगेलाल, चन्द्रसेन, प्यारेलाल, बलवंत, कृष्णलाल, राजेन्द्र, तेजसिंह, जितेन्द्र, मनोज, ओमप्रकाश व विजय नंबरदार मौजूद थे।

### विमान हादसे में यात्रियों व छात्रों की मौत पर जताया शोक

**धारूहेड़ा।** शहीद भगत सिंह यादगार कमेटी धारूहेड़ा ने अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट के क्रेश हो जाने से सभी यात्रियों तथा मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के छात्रों की मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट किया है। कमेटी के अध्यक्ष कॉमरेड रमेशचंद्र व सचिव राकेश सैनी ने कहा कि यह विमान हादसा बहुत ही भयानक व कभी न भूलने वाला है। हादसे में यात्रियों व कॉलेज के छात्रों की मृत्यु उनके परिजनों व राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। विमान हादसे ने बोईंग कंपनी व नागरिक उड्डयन प्रबंधन पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कमेटी ने सरकार से मृतकों के परिजनों व घायलों को उचित मुआवजा देने और विमान हादसे की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री इस हादसे की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे।

# विधायक ने किया आरओबी के पुनर्निर्माण कार्य का निरीक्षण

- लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को रिपेयर का काम शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली विधायक अनिल यादव ने शुक्रवार को आरओबी के पुनर्निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को रिपेयर का काम शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम विजय कुमार यादव भी मौजूद थे। विधायक ने कहा कि पिछले डेढ साल से चल रहे पुल के रिपेयर वर्क की वजह से दुकानदारों और आम नागरिकों को आवागमन में परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। आरओबी का काम पूरा होने से वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा होगी। वे नियमित रूप से आरओबी की रिपेयर की प्रगति का आंकलन करेंगे।


रेवाड़ी। आरओबी के कार्य का निरीक्षण करते हुए विधायक अनिल यादव।

### जनसमस्याओं की सुनवाई की

लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एक-दो ड्राइंग की मंजूरी आना अभी बाकी है, जिसके जल्दी मिलने की संभावना है। आश्वासन दिया कि अगले तीन माह में यह पुल ट्रैफिक मूवमेंट के लिए तैयार हो जाएगा। विधायक ने आरओबी के निरीक्षण के बाद नाहड़ रोड स्थित अपने कार्यालय में जनसमस्याओं की सुनवाई की। इस अवसर पर पंचायत समिति चेयरमैन दुष्यंत सिंह, चेयरमैन प्रवीन, कर्णपाल, मंडल अध्यक्ष हरीश, कपिल व जिला पार्षद जीवन हितैषी सहित अनेक गांवों के सरपंच व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# विवाहिता ने दर्ज करवाया पति सहित चार ससुरालजनों पर दहेज प्रताड़ना व मारपीट का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

- आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया

भूरथला गांव की एक विवाहिता ने जिले के अहरोद गांव निवासी अपने पति सहित चार ससुरालजन पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका विवाह साढ़े तीन वर्ष पूर्व अहरोद गांव के मोहित से हुआ था। उसके परिजन ने अपनी हैसियत से अधिक दान-दहेज भी दिया था। शादी के दूसरे दिन ही आरोपियो ने उसे कम दान-दहेज को लेकर गाली गलोज व मारपीट शुरू कर दी। पुत्री तारिका के जन्म पर छुछक लेकर आए उसके परिजनों के साथ ससुरालीजनों ने बुरा व्यवहार किया। आरोपियो ने अगस्त 2023 में उसके साथ मारपीट की। इस दौरान मोहित ने अपना कर्ज उतारने के लिए एक लाख 32 हजार तथा गाड़ी के एक्सीडेंट के नाम पर 65 हजार रुपये उनके घर से मंगवाए, लेकिन आज तक वापस नहीं किए। उसके पति मोहित ने उसके नाम से अलग-अलग बैंको से लोन भी ले रखा है। उसका देवर अंकित भी उसके साथ मारपीट करता है। विवाहिता के अनुसार पुत्र जन्म पर पति मोहित ने छुछक में स्कॉर्पियो गाड़ी व एक लाख रुपये देने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आरोपियों ने कुआं पूजन पर आए उसके परिजनों को अपमानित किया तथा मारपीट कर घर से निकाल दिया। एक वर्ष से वह अपने दोनों बच्चों के साथ अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने मीडिएशन सैल से काउंसलिंग कराने के बाद सभी आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## लघु सचिवालय में कर्मचारियों को करवाया योगाभ्यास



**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन व जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. बसंत कुमार के नेतृत्व में आयुष विभाग की ओर से शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में कर्मचारियों को योगाभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. बसंत कुमार ने जीवनशैली विकारों को रोकने और तनाव प्रबंधन में योग अभ्यास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन में भी सहायक है। डा. कुमार ने सभी से नियमित योगाभ्यास करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से 15 जून को सुबह 5:30 बजे योग मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन राजेश पायलट चौक से शुरू होकर गढ़ी बोलनी रोड पर अमनगनी सोसायटी तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मैराथन का शुभारंभ एसडीएम सुरेंद्र सिंह करेंगे। डा. बसंत कुमार ने आम जनता से मैराथन में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

# प्रदर्शनी के माध्यम से ली योजनाओं की जानकारी

- केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति सराहना व्यक्त की

**रेवाड़ी।** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से लघु सचिवालय में विकसित भारत के अमृतकाल थीम पर आधारित प्रदर्शनी से आमजन ने जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी दी रही है। डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रकृति से प्रगति तक, नारी सशक्तिकरण की उड़ान, किसान समृद्धि का संचार, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा, अमृत पीढ़ी का विकास, पूर्वोत्तर नव विकास का केंद्र, विरासत और विकास तथा भारत का तकनीकी दशक जैसी योजनाओं व उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। दूसरे दिन प्रदर्शनी को देखने आए लोगों ने गहरी रुचि दिखाई और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति सराहना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 साल में जनसेवा को समर्पित की गई योजनाओं व नीतियों की जानकारी इस प्रदर्शनी के माध्यम से दी जा रही है।


रेवाड़ी। प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी लेते हुए नागरिक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

जायजा

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा व्यवस्थापूर्ण ढंग से होगा समारोह का आयोजन

मुख्यमंत्री जिले को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देगें

# सीएम की धन्यवाद रैली कल, विधायक ने डीसी व एसपी के साथ लिया समारोह स्थल का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 जून को नवनिर्मित जेल परिसर का उद्घाटन करने के साथ ही राव तुलाराम स्टेडियम परिसर में धन्यवाद रैली-उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री जिले को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देने के साथ ही अनेक जनहितकारी घोषणाएं करेंगे। समारोह के आयोजन से पूर्व शुक्रवार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा ने अधिकारियों के साथ समारोह स्थल का दौरा करके व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित करते हुए जनसेवा को समर्पित करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का तोहफा देंगे। समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व जेल एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा सहित अन्य विधायक व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह स्थल पर आने वाले लोगों के लिए बेहतर प्रबंधन किए गए हैं। समारोह में पद्मश्री अवार्डी महाबीर गुड्डू अपनी सांस्कृतिक टीम के साथ लोक शैली में हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व रेवाड़ी के विकास को समर्पित कार्यों का उल्लेख करेंगे।



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री की रैली को लेकर व्यवस्था देखते विधायक व अधिकारी व मुख्यमंत्री की रैली को लेकर व्यवस्था देखते विधायक व अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा ने समारोह स्थल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्य मंच पर केवल चुनिंदा व्यक्तियों को ही बैठने की अनुमति होगी, इसके लिए सूची प्रशासनिक स्तर पर तैयार की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समारोह स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस अवसर पर डीएमसी राहुल मोदी, प्रशिक्षु आईएएस रुहानी, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, एसडीएम बावल उदय सिंह, सीटीएम प्रीति रावत, डीएसपी जोगेंद्र शर्मा, विनोद शंकर, डा.रविंद्र व डीडीपीओ नरेंद्र आदि मौजूद रहे।